हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
**रोहतक,** शनिवार, 26 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

24 करोड़ से महेशनगर ड्रेन होगी पक्की : अनिल विज 12


आतंकी हमले पर रोष, पाक का झंडा फूंक किया प्रदर्शन 12


## खबर संक्षेप

### तहसीलदार के साथ हाथापाई, सात पर केस

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी में एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी को प्रॉपर्टी का कब्जा दिलवाने गए तहसीलदार और प्रशासनिक टीम का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही थी। तहसीलदार नरेंद्र दलाल ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में पुलिस प्रशासन और आइसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के साथ गांव मांडी पहुंचे थे। वे धोबी मोहल्ला में धानक चौपाल के पास आजाद सिंह और बबली देवी की प्रॉपर्टी पर कार्रवाई करने गए थे। मौके पर करीब 7-8 लोग और कुछ महिलाएं एकत्र हो गई। उन्होंने तहसीलदार का विरोध किया और धक्का-मुक्की की। स्थिति को बिगड़ता देख तहसीलदार अपनी टीम के साथ थाना इसराना लौट आए।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने दीपक से आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 23 लाख 60 हजार रूपये की ठगी करने मामले में दिलबाग निवासी गांव वैसर जिला पानीपत को हिसार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। दिलबाग, धोखाधड़ी के अन्य मामले में हिसार जेल में बंद था। थाना मतलौडा प्रभारी पवन ने बताया कि दिलबाग ने इस केस के आरोपी बिक्रमदीप निवासी स्वराज नगर मोहाली पंजाब व मामले में नामजद फरार आरोपियों के साथ मिलकर ठगी करना स्वीकारा है।

### 11 साल से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने घर से नगदी व जेवरात चोरी की वारदात में शामिल 11 साल से फरार चल रहे आरोपी पुनीत उर्फ लक्की निवासी भगत कॉलोनी बुराड़ी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना मॉडल टाउन प्रभारी जगमिंद्र ने बताया कि चोरी के इस मामले में कुंदन चांदना पुत्र सुंदर दास निवासी मॉडल टाउन की शिकायत पर 16 नवंबर सन 2014 में केस दर्ज था है।

### कुलदीप ने नेशनल गेम्स में जीते स्वर्ण पदक

**करनाल।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित सातवीं नेशनल गेम्स 2025 में मधुबन के कुलदीप कुमार ने 45+ कैटेगरी में 400एम रेस में 1 गोल्ड, 4 गुना 400 एम व 4 गुना 100 एम में गोल्ड मेडल जीता है।

इसके अलावा 200 एम रेस में सिल्वर मेडल हासिल किया। यह प्रतियोगिता 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक धर्मशाला में आयोहिजत की गई थी। इसमें 24 राज्यों के खिलाडिय़ों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन की। इसमें ही कुलदीप ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए। उनकी इस उपलब्धि से खुशी का माहौल है।

अंबेडकर जयंती समारोह में की शिरकत

## मोदी सरकार आतंकवादियों और पाकिस्तान को सिखाएगी सबक : आठवले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देगी। अब आतंकवादियों और पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम करेंगी। इस सरकार ने अहम फैसला लेते हुए जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश ने पाकिस्तान का पानी बंद कर दिया।

इस समय पाकिस्तान के अंदरूनी हालात बहुत खराब है, वहां की सरकार को भारत के साथ अच्छा संबंध बनाकर देश के विकास के लिए कार्य करना चाहिए था, लेकिन पाकिस्तान ऐसा ना करके लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। अब पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने का समय आ गया है।

### बाबा साहेब ने दलितों के हितों की लड़ाई लड़ी

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आरपीआई द्वारा आयोजित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले केन्द्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर ने देश में भेदभाव को खत्म करने, जातिवाद को खत्म करने, पूरे देश को एकजुट करने और दलितों के हितों की लड़ाई लड़ी। इस देश को टूटने से बचने के लिए प्रयास किये। उन्होंने आरटीआई के पदाधिकारी से आह्वान किया कि वह डा. भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ते हुए युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों के लिए काम करें और गरीबों की मांगों को उठाए तथा स्वर्ण व दलित वर्ग को एक मंच पर जोड़ने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला के बाद प्रधानमंत्री विदेश दौरे को छोड़कर वापस लौट आए और गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर का दौरा किया।




### आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि देश में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध करवाया है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा में हो रहा विकास

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के साथ उनके अच्छे संबंध हैं, जब हरियाणा के मुख्यमंत्री लोकसभा सांसद थे तब से वह एक साथ लोकसभा में काम कर रहे हैं। हरियाणा की सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में मजबूत है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित भारत बनाने के लिए एक लक्ष्य लेकर चले हुए हैं। जिसको देश की जनता भली भांति समझ चुकी है और देश को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग कर रही है।

सीएम ने रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में अंबेडकर भवन का किया उद्घाटन

## बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चल रही डबल इंजन की सरकार : सैनी

### मंदिर में प्रदेशवासियों की सुख स्मृद्धि के लिए पूजा अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- वर्ष 2025 को संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार संविधान निर्माता भारत रत्न डा. बीआर अंबेडकर के मार्ग और आदर्शों को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान कर रही है।

इस डबल इंजन की सरकार ने गरीब लोगों को सशक्त बनाने, अति पिछड़े लोगों को खुशहाल बनाने, हर नागरिक को न्याय दिलवाने के लिए योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है।

इस सरकार ने वर्ष 2025 को संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया ताकि इस साल बाबा साहेब के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में रविदास मंदिर एवं धर्मशाला की तरफ से आयोजित डा. बीआर अंबेडकर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में अंबेडकर भवन का उदघाटन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के मंदिर में प्रदेशवासियों की सुख स्मृद्घि के लिए पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संस्था को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न डा. बीआर अंबेडकर के विशेष प्रयासों से बने संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेशानुसार संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस साल में बाबा साहेब के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन गरीब, अति पिछड़े लोगों का उत्थान करने के लिए समर्पित कर दिया। इस देश के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए बाबा साहेब ने पूरा जीवन संघर्ष किया, समाज में जाति पाति, छूआछात, असमानता को दूर करने के साथ-साथ हर व्यक्ति को न्याय दिलवाने का काम किया। इतना ही नहीं आजादी के आंदोलन में भी बाबा साहेब ने अपना योगदान दिया। उन्होंने अपने जीवन में आने वाली हर बड़ी बाधा को सहजता से दूर करने का काम किया। इस महान व्यक्तित्व ने खुद दुख सहन करके गरीबों को सुख देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहे है और समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने की योजनाओं को लागू कर रहे है। इस सरकार ने पिछले 10 सालों में आयुष्मान, चिरायु कार्ड जैसी योजनाओं को लागू करके गरीबों को सम्मान देने का काम किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने भारत रत्न डा.बीआर अंबेडकर के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलते हुए प्रदेश के नागरिकों की 24 में से 18 घंटे चिंता कर उनकी समस्याओं का निरंतर समाधान कर रहे है।

संत गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला के प्रधान श्याम लाल ने मेहमानों का स्वागत किया और संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के अंत में प्रधान श्याम लाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन भाजपा नेता सुभाष कलसाना व राम मेहर शास्त्री ने किया।



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते आयोजक।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष तजिन्द्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर, नगर परिषद थानेसर की अध्यक्षा माफी ढांडा, राम लाल आर्य, रविन्द्र सांगवान, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा, मलकीत ढांडा, रामकुमार रम्बा, डा. ऋषिपाल मथाना आदि उपस्थित थे।

## दो बदमाशों ने बेकरी की दुकान से लूटी नकदी


**यमुनानगर।** आरोपियों द्वारा की गई वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई।

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई दुकान में की गई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिले के साढ़ौरा में दो बदमाशों ने हथियारों का भय दिखाकर बेकरी की दुकान से तीन हजार रुपये लूट लिए। आरोपियों द्वारा बेकरी की दुकान में की गई वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर बदमाशो के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया व डीएसपी बिलासपुर ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

जानकारी के मुताबिक साढ़ौरा निवासी राजीव ने पुलिस को बताया कि उसने कस्बा के मेन बाजार में बेकरी की दुकान की हुई है। गत वीरवार देर शाम साढ़े दस बजे के करीब वह दुकान पर बैठा हुआ था। इस दौरान दुकान पर एक ग्राहक व एक बच्चा बैठा हुआ था। इसी बीच दो बदमाश दुकान में घुस गए। जिनके एक के हाथ में देसी पिस्तौल था और दूसरे के हाथ में लोहे की रॉड थी। इससे पहले वह कुछ समझ पाता आरोपियों ने उसे हथियारों का भय दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर गल्ले से करीब तीन हजार रुपये निकाल लिए। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया व डीएसपी बिलासपुर मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। इस दौरान पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की तो आरोपियों द्वारा की गई वारदात उसमें कैद हुई दिखाई दी। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात बदमाशो के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी।

### आरोपियों की तलाश

मामले की जांच कर रहे साढ़ौरा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली है। बदमाश करीब दो से तीन दिखाई दे रहे हैं। जिसकी जांच सीआईए की विभिन्न टीमें कर रही हैं। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर केस दर्जकर उनकी तलाश की जा रही है।

## ट्राले में लगी आग, जिंदा जलने से ड्राइवर की मौत

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में दीवाना गांव के पास एक ट्राले का टायर फटने के बाद वह अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया। हादसे के बाद ट्राले में आग लग गई। आग में जिंदा जलने से ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर को एक ट्राला यमुनानगर से कैथल की ओर जा रहा था। ट्राले बजरी से भरा हुआ था। पिहोवा के समीप गांव दीवाना में पहुंचने पर ट्राले का टायर फट गया। इस कारण ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खडे पेड़ से जा टकराया और उसमें आग लग गई। दमकल वाहन ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि ड्राइवर का कैबिन में पैर फस गया जिस कारण वह ट्राले से बाहर नही निकल सका और उसकी आग में जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतक ड्राइवर की अभी पहचान नहीं हुई है।



## मिल संचालक पर 2.93 करोड़ के चावल गबन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- हैफेड डीएम की शिकायत पर आरोपी राइस मिल संचालक के खिलाफ केस दर्ज

गांव मुगलवाली स्थित मैसर्ज लाला राम स्वरूप राइस मिल संचालक नवदीप कुमार पर एफसीआई के दो करोड़ 93 लाख 54 हजार रुपये के चावल गबन करने का आरोप लगा है। आरोप है कि आरोपी ने हैफेड से धान लेने के बाद 8461.79 क्विंटल चावल वापस नहीं किए।

नोटिस देने के बाद भी आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पुलिस ने हैफेड डीएम की शिकायत पर आरोपी राइस मिल संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार हैफेड के डीएम शीशपाल गौहरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हैफेड द्वारा 2023-24 में मैसर्ज लाला राम स्वरूप राइस मिल संचालक नवदीप कुमार को 49831.500 क्विंटल धान दी गई थी। आरोपी को 67 प्रतिशत के हिसाब से 33387.105 चावल एफसीआई को वापस करने थे। मगर आरोपी द्वारा 24925.313 क्विंटल चावल वापस किए। जबकि 8461.79 क्विंटल चावल वापस नहीं किए। जिसकी कीमत दो करोड़ 93 लाख 54 हजार रुपये है। उसने इस बारे आरोपी को नोटिस देकर जवाब मांगा मगर आरोपी ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। इस प्रकार आरोपी ने सरकार को चावल वापस न करके हानि पहुंचाई है।

महिला आयोग की चेयरपर्सन ने थाने का किया निरीक्षण


## बच्चों पर दबाव न बनाएं, निगरानी रखें : भाटिया

- महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून लागू करना बेहद जरूरी : रेनू भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए समाज को जागरूक और कानूनों को प्रभावी रूप से लागू करना बेहद जरूरी है।

वे शुक्रवार को महिला थाना नारायणगढ़ के निरीक्षण के उपरांत मीडिया से बात कर रही थी। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में 80 से 100 स्कूल, कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगी। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित इन कानूनों एवं साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे कि स्कूल, कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी जागरूक बने और देश का एक अच्छा नागरिक बन देश के विकास में अपना योगदान दे सके। उन्होंने देश के बच्चों के अभिभावकों एवं माता-पिता से आग्रह किया है कि वे बच्चों पर निगरानी रखे कोई दबाव नहीं कोई कमी नजर आएं तो उन्हें समझाएं। अभिभावक बच्चों के साथ एक दोस्त/सहेली की तरह व्यवहार करें। उन्होंने पॉश (कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ की रोकथाम) और पोक्सो (बच्चों के यौन शोषण से सुरक्षा) अधिनियमों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। भाटिया ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित कार्य वातावरण देना हर संस्थान की जिम्मेदारी है। पॉश अधिनियम के तहत हर कार्यस्थल पर आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन अनिवार्य है। ताकि किसी भी प्रकार के यौन उत्पीडऩ की शिकायत को तुरंत और निष्पक्ष तरीके से निपटाया जा सके। आयोग द्वारा राज्यभर में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसमें महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया जाता है। कई संस्थानों में पॉश कानून की जानकारी का अभाव है। इस स्थिति को बदलने के लिए आयोग निरंतर प्रयासरत है। पोक्सो अधिनियम पर चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराध बेहद संवेदनशील मुद्दे हैं। इस कानून के तहत नाबालिगों के साथ किसी भी प्रकार के यौन अपराध के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है।


**नारायणगढ़।** मीडिया से बातचीत करती हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया। *फोटो : हरिभूमि*

### बच्चों को मिले सुरक्षा

उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को सुरक्षित माहौल दें। किसी भी संदेहजनक व्यवहार पर तुरंत कार्रवाई करें। महिला आयोग हर पीड़िता की आवाज बनना चाहता है। कोई भी महिला उत्पीडऩ की स्थिति में आयोग से निसंकोच संपर्क कर सकती है। उन्होंने मीडिया से भी अपील की कि वे महिलाओं और बच्चों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दें।

## घर में घुसकर दंपति पर किया जानलेवा हमला

**यमुनानगर।** गांव दामला में कहासुनी होने पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने घर में घुसकर दंपत्ति पर हमला कर घायल कर दिया। घायल दंपत्ति का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव दामला निवासी अजरूदीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले नवाब कॉलोनी कैंप निवासी गफ्फार, तालिब व सद्दाम के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। 17 अप्रैल को फर्कपुर निवासी राशीद व धालू तथा दो अन्य के साथ मिलकर उनके घर में घुसकर उस पर तथा उसकी पत्नी सुबाना पर हमला कर दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की के साथ किया दुष्कर्म

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस में रहने वाले युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोस में अनीश नाम का युवक रहता है। आरोपी को उनके घर पर आना जाना था। जिस कारण उसकी आरोपी के साथ दोस्ती हो गई गई। आरोपी ने उसे कहा कि वह उससे शादी करना चाहता है। उसने आरोपी की बातों पर विश्वास कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उनके घर के पीछे बने मकान में उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया।

### किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी

जब उसने आरोपी से बात की तो उसने इस बारे में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को दी रोबोटिक्स की जानकारी

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के सीएसई एवं आईटी विभाग में एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें रोबोटिक्स का सेशन लिया गया। जिसमें 40 से अधिक छात्रों ने एसजेपीपी दामला के डिप्लोमा स्टूडेंट्स ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन डॉ. विकास जुनेजा एचओडी आईटी डिपार्टमेंट एवं डॉ.गौरव शर्मा एचओडी सीएसई डिपार्टमेंट के द्वारा करवाया गया। कार्यशाला में बच्चों को रोबोटिक्स के बारे में जानने का अवसर मिला। वर्कशॉप के माध्यम से बच्चों को आधुनिक समय के अनुसार कार्य करने के बारे में भी बताया गया। इसके माध्यम से उन्होंने आने वाले समय में रोबोटिक्स के करियर की जानकारी हासिल की। इसमें बच्चों को नवीन टेक्नोलॉजी के बारे में भी बताया गया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि इस तरह की स्किल बेस्ड वर्कशॉप जेएमआईटी कॉलेज में हमेशा ही कराई जाती हैं। मौके पर डॉ.मोनिका, डॉ.सविता, रिचा खरबंदा व कपिल देव आदि मौजूद थे।

## केंद्र सरकार से की पाकिस्तान को करारा सबक सिखाने की मांग

# पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर किया प्रदर्शन

- प्रदर्शन में छोटे बच्चों से लेकर 82 साल तक के बुजुर्गों ने लिया भाग
- आतंकी घटना में मौत का शिकार हुए मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। ग्रीन पार्क में कैंडल मार्च निकालते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

पहलगाम में आतंकी घटना के विरोध में ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर रोष जताया। इस दौरान रोष प्रदर्शन में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए और केंद्र सरकार से पाकिस्तान को करारा सबक सिखाने की मांग की गई। मौके पर रोष प्रदर्शन में भाग ले रहे लोगों ने आतंकी घटना में मौत का शिकार हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

एसोसिएशन के प्रधान दविंदर मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार को ऐसा प्रावधान करना चाहिए जो भी अपराधी हो उसे मुस्लिम देशों की तरह चौराहे पर खड़ा कर गोली मार दो। तभी आंतकवाद और अपराधी गतिविधियों पर लगाम लग सकती है। उन्होंने कहा कि आतंकी घटना पर देश भर में लोगों में गुस्सा है। मेहता ने बताया कि इस घृणित घटना के विरोध में एसोसिएशन की तरफ से शहीदों को श्रद्धांजलि देने को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया है। जिसमें छोटे बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के बुजुर्ग भी शामिल हुए। यहां तक की बुजुर्ग महिलाओं में भी इस घटना के खिलाफ भारी गुस्सा देखा गया। कैंडल मार्च के दौरान पाकिस्तान से बदला लेने, गद्दारों को सबक सिखाने, हम सब एक हैं, जातपात में ना बंटकर देश हित में इकट्ठे होकर आंतकवाद के खिलाफ आवाज उठाने के गगन बेदी नारे लगाए गए। उन्होंने जम्मू कश्मीर में आंतकवादियों द्वारा की कायकरतापूर्ण हरकत पुर दुख व्यक्त करते हुए कहां की सरकार को इस संबंध में कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह घटना लोकल लोगों के सहयोग के बिना सम्भव नहीं है। हमें पहले उन गद्दारों को ढूंढना चाहिए जो इन दहशतगर्दों की मदद कर रहे हैं। मौके पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान बलदेव पंवार ने कहा कि हमें मुसलमानों का पूरी तरह से बहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने निगम प्रशासन से मांग की जितने भी दुकानदार है उनकी पहचान करवा कर दुकानों के बाहर उनके नाम लिखें जाए। मौके पर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान विनोद सेठी, सुभाष दत्ता, कृष्ण लाल भाटिया, धर्मपाल खुराना, सुरेंद्र आनद, अशोक मक्कड़, नरेश नागपाल, ओम प्रकाश कपूर, ओमप्रकाश भाटिया, महेंद्र सिंह कोछर, जगमोहन डल, सचिन बंसल , देवकी नंदन मेहता,पुष्पेंद्र बहल, अरुण कपिल,लवली गांधी, संजीव अरोड़ा व रमेश दत्ता आदि मौजूद रहे।

## पहलगाम में हुए हत्याकांड की भाकियू ने की कड़ी निंदा

- दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु निकाला कैंडल मार्च

**रादौर।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के आदेश अनुसार भाकियू के तत्वाधान में शुक्रवार को गांव धौड़ंग में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में सदस्यों ने गांव में मार्च निकालकर पहलगांव में हुए हत्याकांड की निंदा की। सुभाष गुर्जर ने कहा कि पहलगाम में देशद्रोहियों द्वारा भारत वासियों की निर्मम हत्या की गई है। इस घटना को देश कभी भी भूल नहीं सकता है। सभी ने इस पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने-अपने घरों में मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस दुखद घटना के मौके पर भारतीय किसान यूनियन देश व प्रदेश की सरकार के साथ डट कर खड़ी है। मौके पर सीताराम गुर्जर, सतनाम सिंह, सरपंच महेंद्र गुर्जर, रामेश्वर शर्मा, प्रदीप गुर्जर, सोनू व सुशील गुर्जर आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। गांव धौड़ंग में पहलगांव में हुए हादसे में मारे गए लोगों की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते भाकियू जिलाध्यक्ष व अन्य।



यमुनानगर। जगाधरी में पहलगांव आतंकी हमले की निंदा करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## धर्म के नाम पर लोगों की हत्या करना है घृणित कार्य: कंवरपाल

- हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने की जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा

**यमुनानगर।** हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को निंदनीय बताया है। उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रभु से प्रार्थना की। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में कहा कि सभ्य दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए और यह नृशंस कृत्य अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि इससे पूरे देश की जनता स्तब्ध व रोषित है। देशवासियों में गुस्सा और आक्रोश व्याप्त है। ऐसी बर्बर अमानवीय घटना मानवता पर कलंक है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मौके पर यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केन्द्र सरकार से पुरजोर शब्दों में पहलगाम आतंकी हमले के गुनाहगारों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पहलगाम में नाम और धर्म पूछ कर चुन चुन कर हिंदुओं को निशाना बनाया गया। यह बेहद क्रूर और अमानवीय कृत्य है। जिसे किसी भी दशा में माफ नहीं किया जा सकता। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा की धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर के हालात सामान्य हो रहे थे। लेकिन पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने फिर से जम्मू कश्मीर का माहौल खराब करने का बेहद घिनौना प्रयास किया है और निरापराध 26 लोगों की जान ले ली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस मामले में कड़े से कड़े कदम उठाए और पाकिस्तान और आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दे। केंद्र की भाजपा सरकार ऐसे आतंकवादियों को तत्काल गिरफ्तार करे और उन्हें सरेआम फांसी पर लटकाया जाए। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र बनकट,भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय और हृदय विदारक है। हम इस हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। यह हमारे देश की एकता और अखंडता पर हमला है। सभी राजनीतिक दलों और संगठनों को अपने मतभेदों से ऊपर उठकर इस आतंकी हमले की निंदा करनी चाहिए। सरकार को प्रभावित परिवारों को सभी आवश्यक राहत और सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए और इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को उचित सजा सुनिश्चित करनी चाहिए।



- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ताओं को सम्मानित करते आयोजक।

## शेयर बाजार की जानकारी से कमाया जा सकता है लाभः डॉ. शैली गुप्ता

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य विभाग की ओर से स्टॉक मार्केट ऑपरेशंस विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस दौरान तिलक राज चड्ढा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से आई एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.शैली गुप्ता व असिस्टेंट प्रोफेसर अमन कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता शामिल होकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ.सुरिंद्र कौर, कार्यक्रम कनवीनर डॉ.मीनाक्षी सैनी व डॉ.मोनिका शर्मा ने की। डॉ.शैली गुप्ता ने कहा कि जब कोई स्टॉक में निवेश करता है तो वह शेयरधारक बन जाता है। जो कि कंपनी के मुनाफे और विकास से लाभ अर्जित कर सकता है। उन्होंने कहा कि शेयर बाजार की मूल बातों को समझकर लाभ कमाया जा सकता है। अमन कुमार ने कहा कि स्टॉक को सबसे लोकप्रिय निवेशों में से एक माना गया है। जो लोगों की संपत्ति बढ़ाने में मददगार साबित होता है। हालांकि स्टॉक मार्केट में कुछ जोखिम भी शामिल हैं। किसी भी कंपनी में निवेश करने से पहले, शेयर बाजार की बुनियादी बातों को समझ लेना चाहिए। साथ ही निवेश उद्देश्यों, जोखिम उठाने की क्षमता और निवेश क्षितिज पर विचार करना भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के संचालन में को-कनवीनर डॉ.शिखा व डॉ.मधु ने भी सहयोग किया।



यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल रादौर के विजेता खिलाड़ी खुशी मनाते हुए।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट रूरल गेम्स चैंपियनशिप में 51 पदक हासिल कर किया स्कूल का नाम रोशन

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने इंटर डिस्ट्रिक्ट रूरल गेम्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद में रूरल गेम्स एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की ओर से डिस्ट्रिक्ट रूरल गेम्स चैंपियनशिप 2025 आयोजित की गई। जिसमें लगभग 15 टीमों के लगभग 450 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 100, 200, 400, 800, 1500, 3000, 5000 मीटर, रिले रेस, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो व लॉन्ग जंप प्रतिस्पर्धाओं में 25 स्वर्ण, 18 रजत व 8 कांस्य पदकों के साथ कुल 51 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में निहाल, दैविश, सूर्यांश, दिलावर, आर्यन, चेतन, अश्मीत, काव्यदीप, अनिरुद्ध, युवराज, कनिष्क, परनीत, दिव्यम, युवराज, भगत राम, एरिक, सानवी, भाविका, केशव व परवर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं अश्मीत, सूर्यांश, निहाल, अनिरुद्ध, युवराज, परनीत, युवराज, हर्ष, अंशित, कनिष्क, मौलिक, भगत राम, रमनीत, कुणाल, केशव राणा व मयंक ने रजत पदक एवं अनिरुद्ध, कनिष्क, दिव्यम, हर्ष, अंशित, कनिष्क, रेहान, मौलिक, रमनीत, सानवी, सार्थक व परवर ने कांस्य पदक जीते। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने चैंपियनशिप में भाग लिया वे सभी बधाई के पात्र हैं व टीम के प्रशिक्षक बच्चों को इतनी मेहनत कराने के लिए सराहना के पात्र हैं।



यमुनानगर। रेडक्रास भवन में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए स्वयंसेवी, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

## बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए मिलकर किए जाएंगे कार्य: रणदीप

**यमुनानगर।** जिला रैडक्रास समिति द्वारा जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 स्थित रैडक्रास भवन में बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए स्वयंसेवी, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रैडक्रास समिति के सचिव रणदीप सिंह ने की। इस दौरान बैठक में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर विचार विमर्श किया गया। समिति के सचवि रणदीप सिंह ने बताया कि भविष्य में बाढ़ जैसी त्रासदी से निपटने के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले की सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर राहत कार्य किए जाऐंगे। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया कि वह सभी प्राकृतिक आपदा के समय जिला प्रशासन एवं रैडक्रास समिति को बढ़ चढकर सहयोग करें।

## कांग्रेस ने बाबा साहेब और संविधान का सदा किया अपमान : सैजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- संविधान निर्माता भारत रत्न डाक्टर भीमराव अम्बेडकर सम्मान समारोह का आयोजन

भाजपा के हिमाचल प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व कैबिनेट स्वास्थ्य मंत्री राजीव सैजल ने भारतीय जनता पार्टी जिला यमुनानगर द्वारा शुक्रवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में आयोजित समारोह में कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक राजनेता या समाज सुधारक ही नहीं थे, बल्कि वह एक विचारक, एक दार्शनिक, एक अर्थशास्त्री एवं एक महान नेता थे और उनके विचार आज भी हमें मार्गदर्शन देते हैं। बाबा साहेब ने दलितों और पिछड़ों के सामाजिक उत्थान के लिए आवाज उठाई।

पूर्व कैबिनेट मंत्री राजीव सेजल ने कहा कि बाबा साहेब ने महिलाओं, दलित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किये और उन्हें शिक्षा, नौकरी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अधिकार दिलाए। बाबा साहेब के सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों पर चलकर हम आगे बढ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार कई ऐसी योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ वंचित वर्ग को मिल रहा है। भाजपा की मोदी सरकार सदा बाबा साहेब के आदर्शों और नीतियों पर चली, उनके समानता और सामाजिक न्याय के अधिकार को माना, धारा 370 को तोड़कर "एक देश, एक संविधान" लागू किया, जम्मू कश्मीर में जहाँ आरक्षण नहीं था वहां आरक्षण के अधिकार दिए। मौके पर नगर निगम मेयर सुमन बहमनी, पूर्व मेयर मदन चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक ईश्वर पलाका आदि ने भी अपने विचार रखे।



यमुनानगर। डाक्टर भीमराव अंबेडकर के सम्मान समारोह में मुख्यातिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राजीव सेजल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## उद्योगपतियों ने की दिन के समय शहर में खनन डम्परों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग

- उपायुक्त ने की औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

इंडस्ट्री एसोसिएशन के तत्वावधान में लघु सचिवालय में जिले के औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। मौके पर इंडस्ट्री एसोसिएशन द्वारा उद्योगपतियों की समस्याओं के बारे में उपायुक्त को अवगत करवाया गया और उनका समाधान किए जाने की मांग की गई।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल हरियाणा प्लाइवुड एंड मैन्यूफैक्चिरिंग ऐसिएशन के प्रधान जेके बियानी ने बताया कि औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बैठक में खनन डम्परों का दिन के समय शहर में आवागमन करने पर प्रतिबंध लगाए जाने, डम्परों का रूट निर्धारित किए जाने, शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से मेडिकल कॉलेज के लिए सीधा रास्ता बनवाए जाने,जोडियों से आगे स्ट्रीट लाइट व सीवरेज की व्यवस्था किए जाने आदि की मांग रखी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने उद्योगपतियों की उनकी समस्याओं का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। वहीं, बैठक में उद्योगपतियों ने बताया कि लगभग 25 सालों से हमारी इंडसट्रियां लगी हुई हैं। मगर अभी तक उसको प्रॉपर्टी आईडी में अप्रूव्ड नहीं दिखाया गया है। मौके पर संयुक्त निदेशक एमएसएमई सुनीता कत्याल, लघु भारतीय उद्योग सुधीर चंदरा, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, जिला के विभिन्न उद्योगपति अनिल गड़, अमित गोयल, एपीएस भट्टी, सजल जैन, डॉ. अश्विनी, जेके बियानी, सतीश चौपाल, विरेन्द्र मेहन्दीरता व अन्य मेटल एसोसिएशन व स्टील एसोसिएशन जगाधरी के उद्योगपति मौजूद रहे।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## गौरव मिस्टर फेयरवेल व भव्या बनी मिस फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में एमकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में एम.कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। फेयरवेल पार्टी में जूनियर्स ने अपने सीनियर्स के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। मौके पर विद्यार्थियों को विभिन्न टाइटल के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. जसविंदर कौर ने की।

कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. जसविंदर कौर ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन एम.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस दौरान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। मौके पर विद्यार्थियों को निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न टाइटल दिए गए। उन्होंने बताया कि छात्र गौरव कांबोज को मिस्टर फेयरवेल व छात्रा भव्या को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं, नीरज ने मिस्टर ईव और मनदीप कौर को मिस ईव का खिताब देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने टाइटल के खिताब से नवाजे गए विद्यार्थियों को बधाई व शुभकॉमनाएं दी।



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी में मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजे गए छात्र गौरव कांबोज को सम्मानित करते हुए प्राचार्या व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## बयाने के 10 लाख रुपये लेकर नहीं करवाई मकान की रजिस्ट्री

**यमुनानगर।** छछरौली में मकान बेचने के नाम पर संजीव कुमार से दस लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप छछरौली के मोहल्ला पीर गायब निवासी मोहित व विजय कुमार पर लगा है। आरोपियों ने संजीव कुमार से मकान के बयाने के रूप में 10 लाख रुपये लेकर उसकी रजिस्ट्री नहीं करवाई। जांच के दौरान पता चला कि यह मकान आरोपी की मां के नाम है। जो कि बैंक में गिरवी रखा हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। संजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रिहायसी मकान खरीदना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात पॉपर्टी डीलर विजय कुमार के साथ हुई। आरोपी ने बताया कि मोहित कुमार के नाम 10 मरले का एक मकान है। जिसमें पीछे मकान व आगे तीन दुकानें बनी है। वह उसे बेचना चाहता है। विजय कुमार ने उसे मोहित से मिलवाया। आरोपियों ने उसे मकान दिखाया। मकान उसकी पंसद आ गया। इसके बाद उसका आरोपियों के साथ 20 लाख रुपये के सौदा तय हो गया। आरोपियों ने उससे बयाने के रूप में 10 लाख रुपये ले लिए। बाकि दस लाख रुपये रजिस्ट्री करवाने के बाद देने तय हुए।

**दिशानिर्देश** जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक

उपायुक्त ने सिंचाई विभाग समेत संबंधित अधिकारियों को दिए नालों की सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश

## बाढ़ के खतरों से निपटने के लिए मानसून सीजन से पहले करें नालों की सफाई: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मानसून सीजन के दौरान जिला के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों के कैचमेंट एरिया में अधिक वर्षा होने की स्थिति में संभावित बाढ़ के खतरो से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों एवं प्रबंधो के बारे में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन जिला सचिवालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने संभावित बाढ़ से निपटने के उपायों बारे चर्चा की व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि आपदा के समय आपसी समन्वय से जानमाल की बेहतरीन सुरक्षा की जा सकती है। साहस और समझबूझ के साथ साथ दक्षता से अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी संभावित बाढ़ वाले स्थानों को चिन्हित कर लें और सुदृढ़ व्यवस्था करें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कार्यकारी अभियंता नगर निगम व कार्यकारी अभियंता पब्लिक हैल्थ विभाग को नालों और सिवरेज की सफाई के लिए जो भी टेंडर देने हैं वो सभी टेंडर एक हफ्ते के अंदर देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि एक्शन प्लान बनाकर नाले और नालियों की सफाई करवाएं। उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि पटवारी व सरपंच के साथ गांव में क्रिटिकल स्थान चिन्हित कर लें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को बाढ़ के दौरान स्थिति से निपटने के लिए नौकाओं एवं गोताखोरों को संसाधनों सहित मुस्तैद रखने, सोमनदी, पथराला नदी व यमुनानदी समेत जरूरत की जगहों पर ठोकरो व तटबंधों की सुरक्षा को पुख्ता करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं जलापूर्ति अभियांत्रिकी विभाग हर तरह से पूरी तैयारी रखें। ताकि लोगों को संभावित बाढ़ के खतरों की पहले से ही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग) नेशनल हाईवे अथॉरिटी, मार्किटिंग बोर्ड अपनी अपनी सडकों की पुलियों व पुलों के नीचे की सफाई तुरंत करवा लें।

उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अपने अपने विभागों से संबंधित बाढ़ बचाओं कार्यों एवं प्रबंधो को 15 मई तक हर हालत में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी एसडीएम को आने वाले सोमवार तक अपने अपने क्षेत्र के नालों, पुलियों व पुलों की सफाई व्यवस्था की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा, जगाधरी के एसडीएम सोनू राम, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीएसपी कंवलजीत, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार, डीआईओ विनय गुलाटी आदि मौजूद रहे।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कृष्ण बूरा बने इनेलो के थानेसर ब्लॉक प्रधान



**कुरुक्षेत्र।** इनेलो नेता कृष्ण बूरा किरमच को तीसरी बार बने इनेलो के थानेसर ब्लॉक प्रधान बनाया गया है। कृष्ण बूरा ने इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा और वरिष्ठ नेता शेर सिंह बड़शामी का जताया आभार है। कृष्ण बुरा ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें तीसरी बार थानेसर ब्लॉक का अध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेवारी सौपी है वे उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। कहा कि थानेसर हल्के में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ा जाएगा।

### मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना



**कुरुक्षेत्र।** शुक्रवार को विष्णु कॉलोनी स्थित सेंट पॉल स्कूल में पहलगाम के अमानवीय त्रासदी में प्रभावित, दिवंगत आत्माओं एवं शोकाकुल परिवारों के प्रति प्रार्थना और गहरी संवेदना व्यक्त की इस अवसर पर 2 मिनट का शांति मौन रखा गया। स्कूल एवं टेंपल ऑफ क्राइस्ट फैलोशिप चर्च के डायरैक्टर बिशप प्रियदर्शी पॉल भट्ट एवं सेंट पॉल स्कूल की प्राचार्य शॅरोन भट्ट, समस्त शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों ने भगवन से प्राथना की।

### डलहौजी में केयू प्रतिभागियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में आयोजित राज्य स्तरीय 5 दिवसीय शिविर में आईआईएचएस की टीम सर्वश्रेष्ठ रही। शिविर में महिला सर्वश्रेष्ठ कैम्परर का खिताब संजना को मिला। वहीं ईशु ने प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में प्रथम, संजना ने द्वितीय व निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस संस्थान को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही वर्षा ने नृत्य व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय, मोहित ने भाषण में तृतीय स्थान पाया।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा दिन सम्पन्न

# 2047 समृद्ध भारत का लक्ष्य 140 करोड़ भारतीयों का दृढ़ संकल्पः सीएम सैनी

### कुवि एवं स्वदेशी शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2047 के समृद्ध और महान भारत का लक्ष्य हम सभी 140 करोड़. भारतीयों का सामूहिक दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत से अभिप्राय ऐसे भारत से है जो आर्थिक, सामाजिक, और तकनीकी दृष्टिकोण से प्रगति करे तथा जहां उच्च जीवन स्तर, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार के अवसर, और सामाजिक समानता शामिल हो। भारत के यशस्वीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने हम सभी की जिम्मेवारी है। वे शुक्रवार को नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं स्वदेशी शोध संस्थान, नई दिल्ली, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च, नई दिल्ली, यूनिवर्सिटी ऑफ अगदर, नार्वे, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक तथा आर्गेनाइजर मैगेजीन, मीडिया पार्टनर के संयुक्त तत्वावधान में विजन 2047ः समृद्ध और महान भारत विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन रोजगार के लिए जनसांख्यिकी और रणनीतियों का उपयोग करना विषय पर आयोजित प्लेनरी सेशन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा का भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि अक्सर हमें तीन समस्याओं का सामना करना पड़ता है कि आदमी के पास काम नहीं है, दूसरा काम के लिए आदमी नहीं मिल रहे और तीसरा काम के लिए रखे हुए आदमी किसी काम के नहीं है। आदमी के पास काम बेरोजगारी के कारण नहीं है। रोजगार 2 प्रतिशत सरकारी क्षेत्र से आता है। 6 से 7 प्रतिशत कॉरपोरेट क्षेत्र से आता है। 62 प्रतिशत रोजगार स्वरोजगार के माध्यम से आता है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए कौशल विकास, संस्कार विकसित करने की आवश्यकता है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में निहित है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने सर्वप्रथम एनईपी-2020 को इसके सभी प्रावधानों साथ पूरे देश में सर्वप्रथम लागू किया है।



### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा नेता जय भगवान शर्मा का पूछा कुशलक्षेम

*कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी का उनके निवास स्थान पर पहुंचकर कुशलक्षेम पूछा है। मुख्यमंत्री ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला के कार्यक्रम के बाद सेक्टर 5 में भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा के डीडी के निवास स्थान पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भाजपा नेता जयभगवान शर्मा से उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से पूछा और 18 अप्रैल को उनकी पिहोवा में हुई सडक दुर्घटना के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की ताकि भाजपा नेता जल्द स्वस्थ होकर पिहोवा हल्का के नागरिकों की सेवा में लग जाए। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजिन्द्र सिंह गोल्डी, भाजपा के वरिष्ठद्द नेता सुभाष कलसाना, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर,नगर परिषद थानेसर की चेयरमैन माफी ढांडा,भाजपा के युवा नेता रूबल शर्मा सहित अन्य नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने जयभगवान शर्मा के स्वास्थ्य के बारे में हाल चाल पूछा है।*

## क्रोध बाहर से नहीं, भीतर से आता : डॉ. स्वामीनाथन



■ अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर ने 'क्रोध पर काबू कैसे पाएं' विषय पर रखे महत्वपूर्ण विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगी ब्रह्माकुमार डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने 'क्रोध पर काबू कैसे पाएं' विषय पर महत्वपूर्ण विचार रखे। उन्होंने विज्ञान, अनुभव और आत्म-ज्ञान के साथ विषय को समझाया। ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में चल रहे 'वाह जिंदगी वाह' शिविर के छठे दिन उन्होंने बताया कि क्रोध एक भीतर जलती अग्नि है, जिसे अंगार कहा गया है। इस अंगार को बाहर निकालना है, पहचानना है, समझना है। डॉ. स्वामीनाथन ने कहा कि जब भी गुस्सा आए, उसके सामने 'डी' अर्थात डेंजर लगा दो। यानि क्रोध खतरे का संकेत है। उन्होंने बताया कि बाहरी परिस्थितियां हमारे नियंत्रण में नहीं है, लेकिन हमारी भीतरी स्थिति हमारे हाथ में है। इसलिए यह सोचें कि क्रोध बाहर से नहीं, भीतर से आता है। इससे पहले मुख्यातिथि रोटरी क्लब शाहाबाद के प्रधान डॉ एस.एस आहुजा, विशिष्ट अतिथि अमित सिंगला, डॉ हिमांशु, डॉ रामगोपाल, श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार से चेयरपर्सन खरैती लाल मक्कड़, सुरेंद्र बजाज संरक्षक, नरेश शर्मा, कैशियर राजेंद्र बतरा, इस्कॉन मेंबर ललित गुप्ता, प्रवेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष गुलशन कवातरा, राजकुमार सेठी, प्रोफेसर सुभाष ढींगरा, श्री बैकुंठ पुरी हनुमान मंदिर के प्रधान सुधीर सूद आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केंद्र प्रभारी बीके नीति दीदी व निजा दीदी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### रोजगार मेले में 104 पात्रों का चयन : जगमोहन

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उमरी के प्रांगण में जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से इस रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आई.टी.आई.और अन्य डिप्लोमा धारकों ने भाग लिया। प्रार्थियों का इंटरव्यू लिया गया, जिसमें रोजगार मेले में आई विभिन्न कंपनियों द्वारा 104 पात्र प्रार्थियों का चयन किया गया।

## भगवान विष्णु ने लिया वामन रूप में जन्म

■ श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में भागवत कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित आर. के. एन्क्लेव, पटियाला बैंक कॉलोनी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि बलि की वजह से सभी देवता बहुत दुखी थे। दुखी देवता अपनी माता अदिति के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। इसके बाद अदिति ने पति कश्यप ऋषि के कहने पर एक व्रत किया, जिसके शुभ फल से भगवान विष्णु ने वामन देव के रूप में जन्म लिया। वामन देव ने छोटी उम्र में ही दैत्यराज बलि को पराजित कर दिया था। बलि अहंकारी था, उसे लगता था कि वह सबसे बड़ा दानी है। विष्णु जी वामन देव के रूप में उसके पास पहुंचे और दान में तीन पग धरती मांगी। अहंकार बलि ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। मेरा तो पूरी धरती पर अधिकार है, मैं इसे तीन पग भूमि दान कर देता हूं। बलि वामन देव को तीन पग भूमि दान देने के लिए संकल्प कर रहे थे, उस समय शुक्राचार्य ने उसे रोकने की कोशिश की। दरअसल, शुक्राचार्य जान गए थे कि वामन के रूप में स्वयं भगवान विष्णु हैं।शुक्राचार्य ने बलि को समझाया कि ये छोटा बच्चा नहीं है, ये स्वयं विष्णु हैं, ये तुम्हें ठगने आए हैं। तुम इन्हें दान मत दो। इस अवसर पर आचार्य रंगनाथ शास्त्री, उमेश साहनी, रिंकू शाक्या, वीरेंद्र बराङ, अर्जुन पासवान, सुनील कुमार, दिलीप राय, बाबु राम, प्रभु दयाल पासी, कमलेश शाक्या, किरण, गीता, अरुणा, सरोज, फूलवती, रोशनी, वंदना एवं अन्य सैकड़ों महिलाओं उपस्थित रही।

### युवाओं को लेह, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भ्रमण का मिलेगा मौका

**कुरुक्षेत्र।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा माय भारत इनिशिएटिव के अंतर्गत गृह मंत्रालय के सहयोग से 15 से 30 मई 2025 तक एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्धेश्य लेह-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 100 सीमावर्ती गांवों में 500 माय भारत स्वयंसेवकों को शामिल करके राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य से 15 युवाओं और प्रत्येक केंद्र शासित प्रदेश से 10 युवाओं को चुना जाना है। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल पर एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत अपना आवेदन कर सकते हैं।

## पहलगाम हमले को लेकर निकाला रोष मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा




पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की हत्या की आग अभी शांत भी नहीं हुई,इससे पहले ही जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निहत्थे लोगों को धर्म पूछकर उन पर गोलियां चलाकर शहीद कर दिया गया,जिसको लेकर पूरे देश भर में आक्रोश की लहर है। इसी मामले को लेकर सामाजिक एवं धार्मिक संगठन व हल्का वासी गत देर शाम पिहोवा मेंन चौंक पर एकत्रित हुए। उन्होंने पहलगाम में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद अमर रहे व पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। एकत्रित लोगों ने भारत सरकार से अविलंब सख्त कार्यवाही करके शहीद हुए लोगों की शहादत का बदला लेने की मांग की। रोष मार्च मेन चौक से शुरू होकर शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए सरस्वती मंदिर पहुंचा। हल्कावासियों ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस प्रकार से धर्म पूछकर हिंदुओं पर गोलियां चलाई हैं वो हरकत बर्दाश्त नहीं की जा सकती। ये कायराना हरकत पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की साजिश है। सरकार ऐसे लोगों को ईंट का जवाब पत्थर से दे,ताकि शहीदों को आत्मा को शांति मिल सके और उनके परिजनों को सकून मिल सके।

### विश्व मलेरिया दिवस : विद्यार्थियों को मच्छर जनित बीमारियों से रोकथाम व बचाव के लिए दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय ककराला गुजरान व राजकीय माध्यमिक/प्राइमरी विद्यालय रतनगढ़ ककराली में संजय स्वास्थ्य निरीक्षक पीएचसी रामगढ़ रोड व डॉ रितु प्रिया और एएनएम राजविंदर कौर द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को मच्छर जनित बीमारियों से रोकथाम व बचाव हेतु विस्तार से बताया गया। इसमें उन्होंने बताया कि मलेरिया जानलेवा हो सकता है। मलेरिया संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। प्रत्येक रविवार को अपने घर में सूखा दिवस मनाएं व सभी पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमलें इत्यादि को खाली करके सुखाएं ताकि मच्छर के अण्डे व लारवा मर जाए। इसके बचाव के लिए पानी के बर्तनों व टंकियों इत्यादि को पूरी तरह ढक कर रखें। छत पर पड़े मटके, टायर, बोतल तथा अन्य टूटे-फूटे बर्तनों को हटा दें, ताकि इनमें बरसात का पानी जमा न हो सके। अपने घरके आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी से भरे गड्ढ़ों में मिट्टी भरदें। यदि यह सम्भव न हो तो खड़े पानी में मिट्टी का तेल/काला तेल डाल दें। पूरी बाजू के कपड़े पहने। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। ठहरे हुए पानी जैसे कुओं, तालाबों व अन्य जलाशयों में गम्बूजिया मछली डालें।





### शिक्षा ही वह हथियार जो बच्चों को भविष्य में दिलाएगा मान-सम्मान और रोजगार : एडीसी

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका एवं शिव शक्ति आश्रम पहुंचे कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने आश्रम के बच्चों से मिलकर कहा कि आज जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने की अधिक आवश्यकता है क्योंकि शिक्षा ही वह हथियार है जो उन्हें बड़ा होने पर मान, सम्मान और रोजगार दिलाएगी। जब एक बच्चा शिक्षित हो जाता है तो वह समाज का मजबूत अंग बन जाता है। अशिक्षा व्यक्ति की कुंठा का कारण बनती है। सोनू भट्ट द्वारा आश्रम के बच्चों को कई प्रेरणात्मक प्रसंग सुनाए गए ताकि बच्चों का हौसला बढ़ सके और पढ़ लिख कर बड़ा व्यक्तित्व बन समाज की मजबूती बन सके। उन्होंने भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर बच्चे को उनके जैसा महान व्यक्तित्व बनना चाहिए। आश्रम संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि यह आश्रम नहीं बच्चों का घर है जिसमें सभी बच्चे शिक्षा के साथ-साथ संस्कार व सामाजिक जीवन का ताना-बाना भी सिखते हैं। हर शहर में ऐसे आश्रमों का होना आवश्यक है जहां पर शिक्षा और संस्कार दोनों दिए जा सके ताकि मानव कल्याण समाज कल्याण को समझते हुए अपने नैतिक दायित्वों को पूरा करे।

### सामाजिक व धार्मिक व हिंदू संगठनों ने आज तीन घंटे व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखने का किया आह्वान

**कुरुक्षेत्र।** व्यापार मंडल प्रधान फतेहचंद गांधी ने बताया शहर की सभी सामाजिक व धार्मिक व हिंदू संगठनों ने यह फैसला लिया है 2 दिन पहले जो पहलगाम में निहत्थे हिंदुओं को चुन-चुन के मारा, सारा देश शोक से डूबा हुआ है इसकी जितनी भी निंदा की जाए उतनी कम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो पांच बड़े फैसले लिए हैं वह एक सहारनीय कदम है। देश के हिंदू चाहते हैं कि एक बार पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए, आंतकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया जाए। शहर की सभी संस्थाएं शनिवार को ठीक 10 बजे एलआईसी दफ्तर के पास इकट्ठे होंगे, वहां पर मरने वालों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उसके बाद एक रोष मार्च निकला जाएगा जो पुराने बस स्टैंड, छोटा बाजार, सीकरी चौक कच्चा घेर, पालिका बाजार, अंबेडकर चौक, 17 सेक्टर मार्केट से होता हुआ वापिस एलआईसी दफ्तर पहुंचेगा, जहां पर उग्रवाद का पुतला फूका जाएगा। फतेहचंद गांधी ने व्यापारियों से अनुरोध है 26 अप्रैल दिन शनिवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक अपने सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे। बंद को लेकर एक बैठक अग्रवाल धर्मशाला मोती चौक में हुई, बैठक मारे गए लोगों के प्रति 2 मिनट का मान रखा गया।





### मोबाइल मेडिकल यूनिट में जांचा स्वास्थ्य

**थानेसर।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट चलवाई जा रही हैं। आज थानेसर हल्के में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन जिन्दल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर आयोजित हो रहे हैं। नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरूआत की है। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 96 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई व 9 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए।

**कार्यक्रम** अंतरराष्ट्रीय मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कैंप का किया आयोजन

# मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलने वाला मलेरिया एक संक्रामक रोग : डॉ रूचि

इस दिवस का उद्देश्य मलेरिया के खतरे, लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जागरूक करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के सौजन्य से विश्व मलेरिया दिवस पर नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर में मलेरिया स्वास्थ्य जागरूक शिविर लगाया गया। हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूचि जैन ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2025 वर्ष के लिए घोषित थीम के अनुसार हमें मलेरिया के खिलाफ अपनी रणनीति को दोबारा सोचने, नए तरीकों को अपनाने और फिर से उत्साह के साथ काम करने की जरूरत है। हर वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने, रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देने और इसके उन्मूलन के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह बीमारी विशेष रूप से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों को प्रभावित करती है। इस दिवस का उद्देश्य जनसामान्य को मलेरिया के खतरे, इसके लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जागरूक करना है। मलेरिया के लक्षण के बारे उन्होंने बताया कि बार-बार बुखार आना (ठंड के साथ) सिरदर्द, उल्टी या मतली, कमजोरी और थकान, पसीना आना मुख्य लक्षण है। उन्होंने मलेरिया से बचाव के उपाय भी बताए। मच्छरों से बचाव हेतु सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर और आस-पास जल-जमाव न होने दें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का उपयोग करें। घर के आसपास फॉगिंग करवाना सुनिश्चित करें। मलेरिया की पुष्टि होते ही तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। मलेरिया का इलाज संभव है।

### समय पर इलाज से बीमारी से बचा जा सकता

*सरकार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मलेरिया की जांच व दवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। समय पर जांच व इलाज से मलेरिया से पूरी तरह बचा जा सकता है। विद्यालय के प्रिंसिपल देवेंद्र अरोड़ा ने बताया कि डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में यह 1994वॉ कैंप आयोजित किया गया। डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा जनकल्याण हेतु फ्री मेडिकल कैंप व अलग अलग बीमारियों के प्रति जागरूक शिविर लगा कर सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। डॉ संजय शर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए विशेष भूमिका निभाई। विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा, विकास गाबा प्रशासक व प्रिंसिपल देवेंद्र अरोड़ा ने डॉ रूचि जैन व डॉ संजय शर्मा को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वाईस प्रिंसिपल रिद्धिमा बत्रा, मुख्यध्यापिका प्रीति मिश्रा, ऋतु चौधरी कोऑर्डिनेटर अन्य शिक्षक मौजूद रहे।*

## छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन का कार्य करती : डॉ. वीरेन्द्र पाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के शिक्षा विभाग में विशेष एवं समेकित शिक्षा के तहत छात्रवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन का कार्य करती है तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए मदद करती है। उन्होंने केशोराज छात्रवृत्ति को शुरू करने के लिए उद्यन केयर की संस्थापक व केयू में डीन एवं विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग के पद पर रह चुकी प्रो. सुषमा शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि केयू एलुमनी का इस शैक्षणिक संस्थान के उत्थान में अमूल्य योगदान है। इस अवसर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल द्वारा छात्रवृत्ति कार्यक्रम में बीएड स्पेशल एजुकेशन सत्र 2023-25 में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने पर विद्यार्थी रितिक चौधरी को 15000 रुपए की नगद राशि, मेडल व स्मृति चिह्न भी दिया गया। शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. ज्योति खजूरिया ने कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल को उदयन केयर संस्था की ओर स्मृति चिह्न भेंट किया गया। प्रोफेसर सुषमा शर्मा ने बताया कि वे 20 वर्षों से उदयन केयर संस्था के लिए अपनी सेवाएं दे रही है।

## खबर संक्षेप

### महिलाएं मजबूत वुमैन बनें: रेनू भाटिया

**नारायणगढ़।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि छात्राएं एवं महिलाएं स्ट्रांग वुमैन बनें। और स्वयं को मजबूत बनाए जिससे कि वे जीवन में आने वाली चुनौतियों का डट कर सामना कर सके। उन्होंने कहा कि पहली दोस्त आपकी मां है और दूसरी दोस्त आपकी अध्यापिका है इसलिए जब भी कोई परेशानी या किसी प्रकार की गलती हो जाए तो इन्हें अवश्य बताये, डरे नहीं।उन्होंने कई उदाहरण और महिला आयोग के पास आने वाली ऐसी शिकायतों का जिक्र करते हुए विस्तार से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थीयों से कहा कि जब आप स्कूल से कॉलेज में आते है तो एक स्वच्छंद वातावरण मिलता है।

### हेल्प डेस्क स्थापित किए गए

**अंबाला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को अंबाला और सब डिविजन नारायणगढ़ न्यायिक परिसर में किया जाएगा। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत प्राधिकरण की तरफ से जिला न्यायलय परिसर में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। इसमें कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### तेजी से गेहूं का उठान हो: उपायुक्त

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले मे 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 225195.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। 44473 किसान गेहूं लेकर मंडियों में आ चुके हैं। एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 65.5 प्रतिशत के साथ 147455 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

### नियम तोड़ने वालों पर हो कार्रवाई

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत सिंह ने कहा कि सडक़ सुरक्षा बैठक आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाकर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए यातायात नियमों की अनुपालना अत्यंत आवश्यक है। एडीसी शुक्रवार को अंबाला शहर स्थित एनआईसी कार्यालय में आयोजित सडक़ सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सांझा बाजार बनाने को लेकर हुई चर्चा

**अंबाल।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में सांझा बाजार योजना की प्रगति की समीक्षा को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सीएम घोषणाओं के अंतर्गत अंबाला जिले में सांझा बाजार बनाए जाने को लेकर किए जा रहे कार्यों बारे समीक्षा करते हुए विस्तार से जानकारी ली। उपायुक्त ने सांझा बाजार के लिए चयनित स्थान, प्रस्तावित पोटा केबिन की संख्या और संचालन की जिम्मेदारी जैसे पहलुओं पर जानकारी ली।

### फेसबुक पर पोस्ट पर कांग्रेसियों को आपत्ति

**अंबाला।** अंबाला कैंट में एक फेसबुक पोस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पोस्ट में एक व्यक्ति ने राहुल गांधी के बारे में लिखा है। इसके बाद कांग्रेसी भड़क गए हैं। उन्होंने इस मामले में शिकायत दर्ज दर्ज करवाई है। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया कि संजय गोयल की फेसबुक वॉल पर एक आपित्तजनक पोस्ट डाली गई है। पार्टी नेता सतीश कनौजिया ने बताया कि यह पोस्ट आपसी भाईचारा खराब करने वाली है। पुलिस को संज्ञान लेना चाहिए।

---

### शिक्षा विभाग ने गैर कानूनी तरीके से चल रहे स्कूलों पर कसा शिकंजा

# जिले में गैर कानूनी तरीके से चल रहे 21 प्राइवेट स्कूलों पर जड़ा ताला, 12 स्कूलों की फाइल भेजी निदेशालय

### दाखिला पोर्टल भी किए गए लॉक

रहमदीन।▶▶| बराड़ा

जिले में चल रहे अनधिकृत निजी स्कूलों पर जिला मौलिक शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए शिकंजा कस दिया है। विभाग की ओर से जिले में चल रहे 33 अनधिकृत स्कूलों में से 21 स्कूलों को बंद करवाया गया। इन स्कूलों में मान्यता नहीं होने पर दाखिले नहीं होने दिए गए हैं। इसके साथ ही बाकी अन्य 12 निजी स्कूलों की फाइल निदेशालय में अनुमति के लिए चल रही है। इन स्कूलों को अभी विभाग की ओर से समय दिया गया है। अनधिकृत स्कूलों के एमआईएस पोर्टल को भी लॉक कर दिया गया था।

#### 33 अनधिकृत स्कूलों की सूची जारी

जिला मौलिक शिक्षा विभाग ने जिले के 33 अनधिकृत स्कूलों की सूची जारी की थी। इस सूची में अंबाला खंड वन में 11, अंबाला खंड टू के 11, साहा के पांच, बराड़ा के पांच और नारायणगढ़ का एक स्कूल शामिल थे। इन स्कूलों पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद बीईओ ने स्कूलों का निरीक्षण किया था और उसकी रिपोर्ट विभाग को सौंपी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद विभाग ने 21 अनधिकृत स्कूलों को बंद करवा दिया है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि सभी बीईओ ने अनधिकृत निजी स्कूलों में निरीक्षण कर उनको रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने रिपोर्ट आने पर बिना मान्यता के चल रहे 21 निजी स्कूलों को बंद करवा दिया है, जबकि 12 स्कूलों की ओर से मान्यता के लिए निदेशालय में आवेदन किया गया है। इन स्कूलों में बिना मान्यता के चल रही कक्षाओं को बंद करवा दिया गया है।

#### नाम प्ले स्कूल हो रही पांचवी तक पढ़ाई

शिक्षा विभाग के संज्ञान में यह भी आया है कि कई शहरी क्षेत्रों में 'प्ले स्कूल' के नाम पर ऐसे संस्थान चलाए जा रहे हैं जिनमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे पढ़ रहे हैं, जो पूरी तरह से अवैध है। साथ ही कुछ गैर-सरकारी संगठ व फाउंडेशन रेमिडियल क्लासेज के नाम पर विद्यालयी समय में पूर्णकालिक विद्यालय संचालित कर रहे हैं, जो न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था के साथ भी धोखा है।

#### एनजीओ नहीं चला सकते सेंटर

शिक्षा विभाग ने सभी जिला अधिकारियों को इस बारे में पत्र लिखकर निर्देश जारी किये है कि बिना मान्यता के कोई भी स्कूल संचालित न किया जाए। इसके इलावा 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को प्ले स्कूल में नामांकित करना और प्राथमिक शिक्षा देना गैरकानूनी बताया गया है। सभी जिलों को

#### बच्चों को पास के स्कूलों में दाखिल करवाएं

विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ रहे सभी बच्चों को नजदीकी सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाए। इसके इलावा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान को गंभीरता से लिया जाएगा। क्लस्टर स्तर पर क्लस्टर प्रभारी ऐसे संस्थानों की पहचान करें और यदि किसी भी क्षेत्र में ऐसा /"टीचिंग शॉप/" पाया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### कार्रवाई के निर्देश दिए गए

इस बारे में सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्कूलों में इस प्रकार से संचालित यूनिट्स, प्ले स्कूल्स, टीचिंग शॉप्स तथा गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची तैयार कर विभाग को शीघ्र रिपोर्ट भेजें ताकि विभागीय आदेशो की अनुपालना सुनिश्चित की जा सकें। **-सुधीर कालड़ा,** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

---

### विज बोले-दो जगह से पक्का होने से दर्जनों कॉलोनियों के लोगों को मिलेगी राहत

# 24 करोड़ से महेशनगर ड्रेन होगी पक्की बरसात में ओवरफ्लो होकर मचाती है तबाही

- बाढ़ से बचाव के लिए टांगरी नदी की भी करवाई गई है खुदवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महेशनगर ड्रेन को दो स्थानों पर पक्का किया जाएगा। परिवहन एवं उर्जा मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को ड्रेन को पक्का करने के कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने मौके का मुआयना भी किया। साथ ही दलीपगढ़ के कम्यूनिटी सेंटर में लोगों को भी संबोधित किया। विज ने कहा कि अंबाला छावनी के लोगों से मुझे बहुत प्यार मिला है। वो प्यार ही मेरे काम करने की ताकत है। मेरे सिर पर और किसी का हाथ नहीं, सिर्फ छावनी की जनता का हाथ है। मेरी बैटरी जब डाउन हो जाती है तो मैं इसी से चार्ज हो जाता हूं।

उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी में महेशनगर ड्रेन शहर के बीचों बीच कई कॉलोनियों से होकर निकलती है। यह हर साल बरसातों में ओवरफ्लो होती है। इसे अब 24 करोड़ की लागत से पक्का किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाला कॉलोनियों में बीचों-बीच होकर निकलता है।

लोगों ने नाले तक जाने के रास्तों में मकान बना रखे हैं इसलिए सफाई में दिक्कत होती थी। मगर अब नाला पक्का होने पर इसमें गाड़ियां उतारकर सफाई होगी। महेशनगर ड्रेन को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अलग-अलग चरणों में पक्का किया जा रहा है।



अंबाला। महेशनगर ड्रेन का मुआयना करते मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

#### यह लोग मौजूद रहे

इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उप प्रधान ललता प्रसाद, अधीक्षक अभियंता मुनीष भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता कृष्ण भुक्कल, एसडीओ जितेंद्र सिंह, मंडल प्रधान हर्ष बिंद्रा, रवि बुद्धिराजा, प्रवेश शर्मा महामंत्री संजीव सोनी, राम बाबू यादव, आशीष अग्रवाल, भरत कोछड़, मदन लाल शर्मा, किरण पाल चौहान, नपा सदस्य शिल्पी पासी, गौरव सैनी, संजीव अत्री, श्याम सुंदर अरोड़ा, नरेंद्र राणा के साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

#### बेहतर तरीके से होगी सफाई

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह बहुत पुराना काम था। अब इसे भी कंकरीट का बनाया जा रहा है जिसकी शुरूआत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दो कार्यों की एक साथ शुरूआत की गई है ताकि जलभराव की स्थिति सामना न करना पड़े। महेशनगर ड्रेन पक्की होगी ताकि यहां सफाई व्यवस्था भी बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने कहा कि गुडगुडिया नाला जोकि पहले मिट्टी व ईंटों का था। उसे भी कंकरीट का बनाकर पक्का किया गया। टांगरी नदी के पास 200 क्यूसिक का पंप लगाया गया है ताकि शहर में पानी घुसने से पहले पंप के माध्यम से उस पानी को टांगरी नदी में डाला जा सके। इसके साथ-साथ सूर मंडी के पास व बीडी फ्लोर मील के पीछे कॉलोनियों में पानी निकासी के लिए भूमि अधिग्रहण करते हुए वहां पर भी नाला बनाने का काम किया ताकि बरसाती पानी की निकासी सुगमता से हो सके। इससे पहले किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया, कई-कई दिन तक यहां पर पानी खड़ा रहता था। विज ने यह कहा कि चंदपुरा से लेकर शाहपुर तक टांगरी नदी को 6-6 फुट गहरा करने का काम किया जा रहा है।

#### नप अध्यक्ष व सदस्य निगरानी रखेंगे

बकायदा इस कार्य के लिए एनएचएआई का सरकार के मध्य समझौता हुआ है। नदी गहरी होने से नदी में आने वाला बरसाती पानी ओवरफ्लो नहीं होगा। नदी से जो रेत निकाली जा रही है उसका उपयो हाईवे द्वारा रिंग रोड निर्माण में तेजी से किया जा रहा है। रिंग रोड के लिए मिट्टी नहीं मिल रही थी इसलिए नदी की मिट्टी का प्रयोग रोड निर्माण में हो रहा है। टांगरी नदी के बांध पर रामगढ़ माजरा से घसीटपुर तक आठ किलोमीटर लंबी मजबूत सड़क बनाई गई। अब इस सड़क को 6 फुट और चौडा किया जा रहा है। सड़क को आगे जीटी रोड तक जोड़ने का कार्य किया जा रहा है जिससे कनेक्टिविटी बेहतर होगी और लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से जा सकेंगे। टांगरी नदी के दूसरी तरफ पहले नदी का पानी ओवरफ्लो होकर रामपुर सरसेहड़ी व अन्य क्षेत्रों में जाता था। वहां स्थाई बांध बनाकर लोगों को राहत दी जा रही है। बांध पर स्टोन पिचिंग करते हुए मजबूत बांध बनाया जा रहा है ताकि लोगों की समस्या का स्थाई रूप से समाधान हो सके। विज ने कहा कि पहले मैं अकेला था। अब मेरे साथ नगर परिषद अध्यक्ष व 25 सदस्य हैं जो कार्यों की निगरानी रखेंगे। उन्होंने नगर परिषद चुनावों में कुछ गद्दारों ने गड़बड़ कर दी थी। मगर संगठन ने 15 में से 10 सीटें ठीक कर दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के जो कुछ गद्दार व प्रवासी पक्षी हैं कभी इस डाल तो कभी उस डाल पर रहते हुए लीडर बनते हैं। सभी इन गद्दारों को जानते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इनसे बचकर रहें।

---




अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी। फोटो: हरिभूमि

# सोशल मीडिया पर भड़काउ कंटेट न पोस्ट करें, शेयर करने पर होगी कार्रवाई

- एसडीएम को शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए बातचीत करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना बेहद दुखद एवं दर्दनाक है। समस्त जिलावासियों से अपील की है कि सभी आमजन आपसी सौहार्द और शांति बनाकर रखे। कोई भी व्यक्ति किसी भी ऐसी घटना में शामिल न हों, जिससे जिला में कानून व्यवस्था बिगड़े और कोई आपात स्थिति पैदा हो। डीसी अजय सिंह ने आमजन से यह भी अपील की है कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम व अन्य किसी सोशल अकाउंट पर किसी तरह का भडक़ाउं कंटेट पोस्ट न करें। इसके साथ-साथ इस तरह के किसी कंटेंट को शेयर भी मत करें। पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा इस तरह की भडक़ाऊ पोस्ट व अन्य गतिविधियों पर निरंतर नजर रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे व शांति भंग करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम को शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए बातचीत करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने पुलिस विभाग को भी अलर्ट रहते हुए निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एडीसी डॉ. ब्रहमजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अमित भारद्वाज भी मौजूद रहे।

---

### निबंध लेखन में रुषा चटर्जी ने मारी बाजी, ज्योति को मिला दूसरा स्थान

अंबाला। अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज की इंग्लिश लिटरेरी सोसायटी ने पीजी डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश के सौजन्य से विलियम शेक्सपियर के जन्मोत्सव पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम की संयोजिका और अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रियंका मलिक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर दर्शन लाल और प्रोफेसर सिम्मी सभरवाल ने निभाई। एमए इंग्लिश की छात्राएं कविता, रुषा चटर्जी, बर्जिन कौर और वृंदा ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री रही। निबंध लेखन में रुषा चटर्जी ने प्रथम और ज्योति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निखिल, गुरलीन कौर और कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बर्जिन कौर, विकास, प्रीति और वृंदा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन व उप प्राचार्य डॉ. आरएस परमार द्वारा मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर अक्षिता, प्रोफेसर अनिल व अन्य मौजूद रहे।



प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं शिक्षकों के साथ।

# आतंकी हमले पर रोष, पाक का झंडा फूंक किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हर कोई आक्रोशित है। देश भर में जगह जगह इस हमले की निंदा की जा रही है। राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के संस्थापक अमरिंदर सिंह व स्थानीय लोगों ने एकत्रित होकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए रेलवे स्टेशन के बाहर पाकिस्तान का झंडा आग के हवाले कर किया। इस दौरान 'पाकिस्तान मुर्दाबाद, 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' जैसे नारे लगाए गए। अमरिंदर सिंह ने कहा कि यह आतंकी हमला कायरता की पराकाष्ठा है। सरकार को इसका मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए और घाटी से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना चाहिए। उन्होंने हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों, यही प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में जिस तरह विकास हो रहा था, वह कुछ विदेशी एजेंसियों और पाकिस्तान की आईएसआई को रास नहीं आ रहा। यही कारण है कि वे इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देकर घाटी का माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। सिंह ने भावुक होते हुए कहा, हमें इस निंदनीय घटना से बेहद पीड़ा है। अब और बर्दाश्त नहीं होगा। आतंकियों को मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जलाया जाए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा ने कहा कि यह हमला पूरे देश को झकझोर देने वाला है। अभी तो पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद किया है, आगे-आगे देखिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्या हाल करते हैं! आतंकवाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग करते हुए कहा कि आतंकियों को सीधे मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। इस मौके पर जसवंत सिंह, धर्मवीर, गुरबख्श सिंह, सुरिंदर सिंगला, विजय, संजय जैन, सुभाष, आशीष गर्ग, रोहित शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



बराड़ा। पाकिस्तान का पुतला फूंकते हुए स्थानीय लोग। फोटो: हरिभूमि

#### हिंदू संगठनों ने पाक का पुतला फूंका

**अंबाला।** अंबाला शहर के मानव चौक पर हिंदू संगठनों ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में हिंदू संगठन शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान व आतंकवादियों के पुतले का भी दहन किया। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और इस्लामी आतंकवादियों के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कश्मीर में हुए हमले के बाद हिंदू समाज में भारी गुस्सा है और अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया जाए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस भी मौके पर तैनात था। इस दौरान विहिप (विश्व हिंदू परिषद) के कार्यकर्ता पुलिसकर्मियों से भिड़ गए।

---

**सम्मान** डीसी ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

# बड़ा लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ें विद्यार्थी

- एनसीसी, खेल जगत व अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 319 विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र व मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि विद्यार्थी समय की महत्वता को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य हासिल करने को लेकर कड़ी मेहनत करें। उपायुक्त शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त ने वर्ष 2022-23 व 2023-24 के तहत शिक्षा के क्षेत्र में, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में, एनसीसी, खेल जगत व अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लगभग 319 विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र व मेडल पहनाकर प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपशिखा प्रज्वलित करके किया।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रदेश का टॉप कॉलेज है। यहां के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेकर जिला के साथ-साथ अपने माता-पिता व अध्यापकों का भी नाम रोशन कर रहे हैं। यह विद्यार्थियों के लिए बड़ा ही गौरव का दिन है क्योंकि विद्यार्थियों द्वारा पूरे वर्ष कड़ी मेहनत करके जो उपलब्धि हासिल की जाती है। उसके तहत उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है जोकि उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए काफी कारगर सिद्ध होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि यह समय बहुत महत्वपूर्ण होता है इसलिए हर विद्यार्थी अपने कैरियर को चुने और जिस विषय या जिस भी फिल्ड में उन्हें जाना है उसके तहत कड़ी मेहनत करते हुए आगे बढ़े। जीवन में आगे बढने के लिए हमारा लक्ष्य हमेशा उंचा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढने के लिए अभिभावकों के साथ-साथ अध्यापकों का भी अहम योगदान होता है। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए जीवन में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथिगण का स्वागत करते हुए कालेज की गतिविधियों बारे विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने उपायुक्त को यह भी बताया कि उनके कॉलेज के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे आकर कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आपके यहां आने से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ा है। कोलज के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतर प्रस्तुति दी गई। उप प्रधानाचार्य अजय चौहान, साहा राजकीय महाविद्यालय प्रिंसिपल रेनू ऋषि, राजकीय महाविद्यालय प्रिंसिपल अंबाला शहर डॉ. खुशीला, डॉ. अंजू जगपाल, डॉ. अतुल यादव, डॉ. धर्मवीर, पूनम रजोरा गुरविंद्र सिंह भी मौजूद रहे



अंबाला। मेधावी छात्रों को सम्मानित करते डीसी अजय सिंह तोमर।

### प्राचीन हनुमान मंदिर से सामान चोरी, कैमरे में कैद हुआ आरोपी

**मुलाना।** बणी वाला प्रसिद्ध प्राचीन हनुमान मंदिर में बुधवार को मंदिर से सामान चोरी होने की घटना सामने आई। इस मामले की।शिकायत मंदिर सेवादार गोविंद गिरी ने पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने कहा कि बीते बुधवार की अलसुबह करीब 3:30 बजे मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। मंदिर में रखे गडविया, ज्योत और पूजा सामग्री को चुरा लिए गए। सामान उठने का खुलासा तब हुआ जब मंदिर का पुजारी मंदिर में आया और सारा सामान गायब पाया गया। जिसके बाद मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया तो प्रतीत हो रहा है एक व्यक्ति मंदिर में आया और उस ने पॉलीथीन निकाला और मंदिर से कुछ सामान ले गया। सेवादार के अनुसार यहां कोई पहली बार नहीं है जब इस मंदिर में चोरी की घटना हुई हो।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005